**3 (Sem–1) HIN M 1 (O)**

**2 0 1 9**

HINDI

( Major )

Paper : 1.1

**( Hindi Sahitya Ka Itihas : Adikal Aur Bhaktikal )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) आचार्य शुक्ल जी ने 'वीरगाथा काल' की व्याप्ति कब से कब तक मानी है?

(ख) कवि चंदबरदाई किस राजा के आश्रित थे?

(ग) भक्ति आंदोलन का आरंभ किस स्थान से माना जाता है?

(घ) निर्गुण भक्तिधारा के प्रमुख सूफ़ी कवि का नाम बताइए।

(ङ) 'बीजक' किसकी रचना है?

(च) सूरदास के काव्य में निहित प्रमुख रस का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) किस आदिकालीन कवि की रचना में खड़ी बोली का आदि रूप मिलता है?

(ज) राधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(झ) सिद्ध-साहित्य की प्रमुख भाषा क्या है?

(ञ) 'रामचरितमानस' में प्रयुक्त भाषा का नाम लिखिए।

**2.** अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) रासो साहित्य के किसी एक ग्रंथ का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) रामानंद कौन थे? भक्ति आंदोलन से उनका क्या संबंध है?

(ग) कबीरदास का परिचय दीजिए।

(घ) 'पद्मावत' की रचना-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'सूरसागर' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**3.** किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकाल के नामकरण संबंधी किन्हीं दो मतों पर प्रकाश डालिए।

(ख) आदिकालीन लौकिक साहित्य की सामग्रियों पर प्रकाश डालिए।

(ग) भक्ति काव्यधारा की मुख्य प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(घ) भक्तिकालीन नीतिकाव्य का परिचय दीजिए।

(ङ) कबीरदास की प्रासंगिकता पर आलोकपात कीजिए।

(च) हिन्दी साहित्य को अमीर खुसरो के योगदान पर प्रकाश डालिए।

**4.** आदिकाल की साहित्यिक उपलब्धियों पर एक लेख लिखिए। 10

**अथवा**

रासो साहित्य की प्रामाणिकता पर प्रकाश डालिए।

**5.** आदिकालीन सिद्ध-साहित्य के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए। 10

**अथवा**

आदिकालीन जैन-साहित्य तथा नाथ-साहित्य की अवधारणाओं में क्या-क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

**6.** सगुण भक्तिधारा के किन्हीं दो प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए। 10

**अथवा**

रामभक्ति काव्यधारा में प्रतिपादित भक्ति के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

**7.** "तुलसीदास भक्तिकाल के लोकनायक हैं।" प्रमाणित कीजिए। 10

**अथवा**

भक्ति आंदोलन के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

★ ★ ★